आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 30.10.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— राष्ट्रीय एकता दिवस पर कल गुजरात के केवड़िया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक भारत—श्रेष्ठ भारत के प्रतीक के रूप में एकता परेड का करेंगे शुभारंभ।

2— केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड—सीबीएसई ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं की समय—सारिणी घोषित की।

3— बीजापुर जिले से सुरक्षा बलों ने सात माओवादियों को किया गिरफ्तार—कोंडागांव जिले में तीन माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

**और**

4— मौसम विभाग के अनुसार कल मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में हो सकती है भारी बारिश।

**राष्ट्रीय एकता दिवस—परेड**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बताया है कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कल गुजरात के केवड़िया में एक भारत—श्रेष्ठ भारत के प्रतीक के रूप में एक शानदार एकता परेड का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस परेड का उद्घाटन करेंगे। हर साल इकतीस अक्तूबर को एकता नगर में यह परेड आयोजित की जाएगी। पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि देश में बडे स्तर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा।

**रन फॉर यूनिटी को बड़े स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। देश के सभी राज्य, केंद्रशासित प्रदेश जिला, पुलिस स्टेशन, सभी स्कूल और यूनिवर्सिटी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ है। उसके बाद देश का प्रत्येक नागरिक देश की एकता और अखंडता के लिए शपथ लेने का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया है।**

श्री शाह ने कहा कि यह परेड सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर आयोजित हो रही है।

**सीबीएसई–बोर्ड परीक्षा**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं की समय–सारिणी घोषित कर दी है। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाएं सत्रह फरवरी से शुरू होंगी। दसवीं की परीक्षा नौ अप्रैल तक चलेगी। वहीं, बारहवीं की परीक्षा दस मार्च को संपन्न होगी। परीक्षाएं सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होंगी। परीक्षा से संबंधित समय–सारिणी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट **डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीबीएसई डॉट जीओवी इन** पर देखा जा सकता है।

**मुख्यमंत्री–कार्यशाला**

पंद्रह नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों को लेकर आज रायपुर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। उन्होंने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी आमंत्रित किया गया है।

कार्यशाला को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने भी संबोधित किया।

**गिधवा–परसदा–सहमति**

केन्द्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने छत्तीसगढ़ की गिधवा–परसदा में जैव विविधता, प्रवासी पक्षियों के संरक्षण और इको–टूरिज्म के विकास के लिए सहमति दे दी है। इस संबंध में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने केंद्रीय वन मंत्री से नई दिल्ली में मुलाकात कर गिधवा–परसदा आर्द्रभूमि को संरक्षित और विकसित करने का आग्रह किया था। इस पर केंद्रीय मंत्री ने गिधवा–परसदा आर्द्रभूमि को अंतरराष्ट्रीय महत्व की "रामसर साइट" के रूप में चिन्हित करने के प्रस्ताव पर सकारात्मक संज्ञान लिया। यह निर्णय छत्तीसगढ़ की जैव विविधता, प्रवासी पक्षियों के संरक्षण और इको–टूरिज्म के विकास के लिए एक ऐतिहासिक पहल है।

**बालोद–जल संचयन**

'जल संचयन–जन भागीदारी' अभियान के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बालोद जिले को देशभर में पहला स्थान मिला है। केन्द्र सरकार द्वारा जिले को दो करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस पर राष्ट्रीय जल मिशन की अतिरिक्त सचिव और मिशन निदेशक अर्चना वर्मा ने बालोद जिले की कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को शुभकामनाएं दी हैं।

**माओवादी गिरफ्तार/आत्मसमर्पण**

बीजापुर जिले के उसूर और ईलमिड़ी थाना क्षेत्र से आज सुरक्षा बलों ने सात माओवादियों को गिरफ्तार किया है। उसूर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार पांच माओवादियों पर पुजारी कांकेर निवासी एक ग्रामीण की हत्या करने का आरोप है। वहीं, ईलमिड़ी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार दो माओवादियों पर आरोप है कि उन्होंने मुजाल कांकेर निवासी एक ग्रामीण की हत्या की थी।

इसी जिले में तर्रेम थाना क्षेत्र के गोटुमपल्ली गांव में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा बनाए गए पंद्रह फीट ऊंचे स्मारक को ध्वस्त कर दिया है।

इधर, कोंडागांव जिले में आज एक महिला सहित तीन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाली महिला माओवादी पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित था।

**मतदाता सूची–एसआईआर**

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत बीजापुर सहित विभिन्न जिलों में चार नवंबर से चार दिसंबर तक घर–घर सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। बीजापुर के जिला कलेक्टर संबित मिश्रा ने इस संबंध में आज राजनीतिक दलों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि नौ दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

**सत्य सांई अस्पताल–विशेष कार्यक्रम**

नवा रायपुर स्थित श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल के तेरह वर्ष पूरा होने पर कल इकतीस अक्टूबर को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह दस बजे शुरू होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पद्मभूषण से सम्मानित पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर शामिल होंगे।

श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल के मीडिया समन्वयक अजय श्रॉफ ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि हृदय रोग से पीड़ित पच्चीस सौ से अधिक वे बच्चे जिनका सफलतापूर्वक इलाज श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल में किया गया है, वे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में भारत और कई देशों के मरीज भी शामिल होंगे।

**फिल्म सिटी**

राजधानी रायपुर में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन ने छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड कार्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने फिल्म सिटी परियोजना और फिल्म नीति से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में नई पहचान

दिलाना है, जिससे पर्यटन, रोजगार और संस्कृति को मजबूती मिलेगी। श्री आचार्य ने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय युवाओं को रोजगार के साथ प्रशिक्षण और तकनीकी दक्षता के अवसर मिलेंगे।

**दुर्घटना**

रायगढ़ जिले के कापू थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार दो युवक कापू की ओर जा रहे थे। इसी दौरान धरमजयगढ़–कापू मार्ग में चाल्हा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस कार ने पैदल चल रही एक महिला को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों और महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। कापू पुलिस घटना की जांच कर रही है।

**मौसम**

चक्रवाती तूफान मोंथा कमजोर होकर निम्न दाब के रूप में पूर्वी विदर्भ और उससे लगे दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर बना हुआ है। यह उत्तर–पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। इसके असर से कल इकतीस अक्टूबर को प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, मध्य छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने एक नवंबर को उत्तर छत्तीसगढ़ में बारिश होने की संभावना जताई है।

चक्रवाती तूफान मोंथा का असर बस्तर में भी दिखाई दे रहा है। सीमावर्ती ओडिशा–आंध्रप्रदेश में भारी बारिश की वजह से रेल आवागमन प्रभावित हुआ है।

**संक्षिप्त समाचार**

– श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत बिलासपुर संभाग के साढ़े आठ सौ श्रद्धालुओं के दल को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्याधाम के लिए रवाना किया।

–	कोंडागांव जिला प्रशासन द्वारा 'जिंदगी का सफर सुरक्षित रखें, हेलमेट जरूर पहने' की थीम पर 'हेलमेट बैंक' की शुरूआत की गई है। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने कल मसौरा ग्राम पंचायत में हेलमेट बैंक का शुभारंभ किया।

और

–	रायगढ़ जिले में धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र में हाथी के बच्चे का शव बरामद हुआ है। प्रारंभिक जांच में हाथी के बच्चे की मृत्यु पानी में डूबने से होने की जानकारी मिली है। वन विभाग की टीम घटना की जांच कर रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>